बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग

## कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, नवादा वन प्रमण्डल, नवादा।

## अल्पकालीन निविदा सूचना सं०– 03/2025–26

ककोलत जलप्रपात अन्तर्गत अवस्थित वाहन स्टैण्ड की बन्दोवस्ती हेतु पूर्व में दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति निविदा संख्या – 02/2025–26 प्रकाशित की गई थी। दिनांक – 16.10.2025 को प्रमण्डलीय कार्यालय, नवादा अन्तर्गत निविदा खोलने की तिथि निर्धारित थी, जिसे अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दिया गया था। फलस्वरूप दिनांक – 05.12.2025 को पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रमण्डलीय निविदा समिति द्वारा सर्व सम्मति से पारित निर्णय के आलोक में निविदा सं0 – 03/2025–26 के परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि, निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं निविदा खोलने की तिथि में आंशिक रूप से निम्नवत विस्तारित करते हुए लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में पुनः प्रकाशन की कार्रवाई की जाती है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार। |
| 2. | विज्ञापन दाता का नाम पता | वन प्रमण्डल पदाधिकारी, नवादा वन प्रमण्डल, नवादा। |
| 3. | परिमाण बिक्री के आरंभ की तिथि | 28.11.2025 के पूर्वाह्न 10.00 बजे से |
| 4. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 04.12.2025 को अपराह्न 5.00 बजे तक कार्य अवधि में। |
| 5. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 05.12.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 05.12.2025 को अपराह्न 12.30 बजे |

नवादा वन प्रमंडल अंतर्गत ककोलत जलप्रपात अन्तर्गत अवस्थित वाहन स्टैण्ड की बन्दोबस्ती हेतु दिनांक – **28.11.2025** को निविदा आमंत्रित की जाती है :

| क्र० सं० | निविदा का विवरण | अग्रधन की राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | ककोलत जलप्रपात परिसर अन्तर्गत अवस्थित वाहन स्टैण्ड की बन्दोबस्ती हेतु। | रु. 50,000/– | रु. 1,000/– |

ककोलत जलप्रपात परिसर अन्तर्गत अवस्थित वाहन स्टैण्ड की बन्दोबस्ती हेतु संचालकों से सील बन्द निविदा विहित प्रपत्र में दिनांक – 05.12.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक वन प्रमंडल पदाधिकारी, नवादा वन प्रमंडल, नवादा के कार्यालय कक्ष में आमंत्रित की जाती है। निविदाओं के लिये दिनांक – 04.12.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्य अवधि में रु० 1,000/– (एक हजार रूपये) मात्र का भुगतान कर विहित प्रपत्र (निविदा फार्म) प्राप्त किये जा सकते हैं या बेबसाईट *www.forest.bih.nic.in* से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर समर्पित करने की स्थिति में प्रपत्र मूल्य के रुप में रूपये 1,000/– (एक हजार) का डिमांड ड्राफ्ट तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत करेंगे। निविदा के साथ अग्रधन के रूप में वाहन स्टैण्ड की बन्दोबस्ती हेतु रुपये 50,000/– का बैंक ड्राफ्ट, जो Divisional Forest Officer, Nawada Forest Division, Nawada/वन प्रमण्डल पदाधिकारी, नवादा वन प्रमण्डल, नवादा के पदनाम से नवादा स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से भुगतेय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। वाहन स्टैण्ड की बन्दोबस्ती के लिये तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफे में समर्पित करना होगा।

अधिक जानकारी प्राप्त करने या निविदा प्रपत्र के क्रय हेतु वन प्रमण्डल पदाधिकारी, नवादा वन प्रमण्डल, नवादा के कार्यालय से अथवा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के वेबसाईट *www.forest.bih.nic.in* पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नवादा वन प्रमण्डल, नवादा।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार।

कार्यालय– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, नवादा वन प्रमण्डल, नवादा।

बाईपास रोड बुधौल बस स्टैन्ड के पश्चिम बुधौल, नवादा पिन कोड – 805112

मो० नं० – 8294860551 email :- dfonawada@rediff mail.com

पत्रांक – ................ नवादा, दिनांक – ................................

प्रेषक,

श्रेष्ठ कुमार कृष्णा, भा०व०से०
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नवादा वन प्रमण्डल, नवादा।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
पटना।

विषय :– अल्पकालीन निविदा सूचना संबंधी विज्ञापन का प्रकाशन।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि नवादा वन प्रमण्डल, नवादा अन्तर्गत ककोलत जलप्रपात परिसर में अवस्थित वाहन स्टैण्ड की बन्दोबस्ती हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना का प्रकाशन किया जाना है। विज्ञापन प्रकाशन हेतु प्रकाशन सामग्री इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजी जा रही है।

अतः अनुरोध है कि इसे राज्य के प्रमुख दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनुः यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नवादा वन प्रमण्डल, नवादा।

ज्ञापांक – .................... दिनांक – ..............................

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, नवादा को अनुलग्नक की प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुः यथोक्त।

ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नवादा वन प्रमण्डल, नवादा।

ज्ञापांक – 3196 दिनांक – 20/11/2025

प्रतिलिपि :– परामर्शी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, विभाग, बिहार सरकार को अनुलग्नक की प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि निविदा संबंधी सामग्री की सूचना विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

अनुः यथोक्त।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नवादा वन प्रमण्डल, नवादा।

9952
21/11/25